Raj Express (Indore), 08th September 2025, Page-04

भारतीय संस्थान में दूसरा, एशिया पश्चिम में तीसरा और विश्व स्तर पर 72 वां स्थान

# आईआईटी इंदौर ने वर्ल्ड फाइनल्स-2025 के लिए कर लिया क्वालिफाई

● इंदौर / राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर के छात्रों की प्रोग्रामिंग टीम, 404- सॉल्यूशन नॉट -फाउंड ने प्रतिष्ठित इंटरनेशनल कॉलेजिएट प्रोग्रामिंग कॉन्टेस्ट (आईसीपीसी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसे व्यापक रूप से प्रोग्रामिंग का ओलंपिक माना जाता है। पी. वेंकट शेखर, नरेन कुमार साई और निष्कर्ष लूथरा की टीम ने खास उपलब्धि हासिल की है जिसमें सभी भारतीय संस्थानों में दूसरा स्थान, एशिया-पश्चिम क्षेत्र में तीसरा स्थान और विश्व स्तर पर 72वां स्थान प्राप्त किया।




## कम्प्यूटर विज्ञान और प्रोग्रामिंग उत्कृष्टता के लिए अग्रणी

आईआईटी इंदौर के जनसंपर्क अधिकारी, कमांडर सुनील कुमार (सेवानिवृत्त) ने कहा, हमारे छात्रों की यह उपलब्धि न केवल उनकी प्रतिभा और लगन को दर्शाती है, बल्कि आईआईटी इंदौर के सहयोगी शैक्षणिक परिवेश को भी दर्शाती है जो नवाचार, टीम वर्क और उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है। हमें उन्हें वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते और संस्थान व राष्ट्र का नाम रोशन करते देखकर गर्व हो रहा है। इस सफलता ने एक बार फिर आईआईटी इंदौर को वैश्विक स्तर पर कम्प्यूटर विज्ञान और प्रोग्रामिंग उत्कृष्टता के क्षेत्र में अग्रणी बना दिया है।

## कई प्रतिष्ठित संस्थानों को छोड़ा पीछे

छह चुनौतीपूर्ण समस्याओं को हल करके, आईआईटी इंदौर की टीम ने कई प्रतिष्ठित संस्थानों को पीछे छोड़ दिया, जिनमें आईआईटी कानपुर (विश्व स्तर पर 91 वां स्थान), आईआईटी दिल्ली (97वां स्थान), आईआईटी रुड़की (98वां स्थान), आईआईटी बॉम्बे (103वां स्थान), आईआईटी खड़गपुर (109वां स्थान) और आईआईटी बीएचयू (117वां स्थान) शामिल हैं। भारतीय संस्थानों में केवल चेन्नई मैथमेटिकल इंस्टीट्यूट (विश्व स्तर पर 60वां स्थान) ही उनसे बेहतर प्रदर्शन कर पाया। अमृतपुरी और कानपुर क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में मजबूत प्रदर्शन के बाद, आईसीपीसी एशिया वेस्ट रीजनल 2025 में 9 वां स्थान हासिल करके, टीम ने आईसीपीसी वर्ल्ड फाइनल्स 2025 के लिए क्वालिफाई किया, जो 31 अगस्त से 5 सितंबर तक बाकू, अजरबैजान में आयोजित हुआ।